Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 21-03-2005

Participants : Singh Shri Suraj

>

Title: Need to set up a fertilizer factory in Barauni, North Bihar.

श्री सूरज सिंह (बलिया, बिहार) : महोदय, उत्तर बिहार का एक मात्र औद्योगिक नगर बरौनी, बेगूसराय में अवस्थित है। विगत पच्चीस सालों से इस क्षेत्र में कोई औद्योगिक विस्तार नहीं होने एवं विगत आठ सालों से इस क्षेत्र का अति जन-उपयोगी , किसान हितकारी खाद कारखाना समुचित रख-रखाव तथा आधुनिकीकरण के अभाव में बंद होने के कारण इस क्षेत्र का औद्योगिक विकास धीमा हो गया तथा विकास ठप्प पड़ गया है। किसानों को समयानुसार यूरिया की आपूर्ति नहीं होने के कारण कृाि उत्पादन को भी धक्का लगा है। साथ ही क्षेत्र में बेरोजगारी एवं असंतोा की भावना व्याप्त हुई।

मेरा उर्वरक एवं रसायन मंत्री जी से आग्रह है कि उत्तर बिहार के एकमात्र औद्योगिक नगरी में बंद पड़े कारखाना स्थल, जहां पर तकनीकी आधुनिकीकरण का अभाव छोड़ कर बाकी सभी सुविधा चाहे वह स्थल हो, भवन हो, परिवहन सुविधा या औद्योगिक वातावरण हो, उपलब्ध है। यदि इस यूनिट में यूरिया बनाना मंहगा पड़ रहा है तो इसी कारखाने में कम्पोजिट खाद का कम लागत पर निर्माण किया जा सकता है। राज्य में एक भी खाद कारखाना उपलब्ध नहीं है, अतः इस स्थल पर एक नया खाद कारखाना एवं रसायन संयंत्र की तत्काल स्थापना आवश्यक प्रतीत होता है। मेरा सदन के माध्यम से आग्रह है कि इस क्षेत्र का पिछड़ापन दूर करने के लिए एवं औद्योगिक विकास को एक नयी दिशा प्रदान करने के लिए तथा क्षेत्र में विकास की प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए माननीय उर्वरक एवं रसायन मंत्री इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई करें ताकि इस क्षेत्र से व्याप्त असंतोा की भावना को दूर कर विकास प्रक्रिया का शुभारंभ किया जा सके ।